राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

राजस्थानी टच दिया है कार्यालय को

राज्यपाल ने नवीनीकृत कार्यालय का शुभारंभ किया

जयपुर, 18 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को सांय यहां राजभवन में अपने नवीनीकृत (रिनोवेटेड) कार्यालय का शुभारम्भ किया। राज्यपाल श्री मिश्र ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर नवीनीकृत कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल की सुपौत्रियां सुश्री आशी व अमिषी मौजूद थीं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने कार्यालय का रिनोवेशन कराया है। श्री मिश्र ने कार्यालय की डिजाइन में राजस्थानी टच दिलवाया है। श्री मिश्र ने अपने कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा और चरखा स्थापित कराया है। राज्यपाल इस कार्यालय में बैठकर राजभवन आने वाले अतिथियों से मुलाकात करेंगे।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित थे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा ,
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क), राज्यपाल